CBSE Class–3 Hindi

NCERT Solutions

रिमझिम पाठ- 12. जब मुझे साँप ने काटा

कहानी की बात

प्रश्न 1. नाना मुझे झाड़-फूँक वाले आदमी के पास क्यों ले गए?

उत्तर- नाना ने देखा कि मेरी ऊँगली पर नीला निशान पड़ गया| उन्होंने समझा साँप ने काट लिया है, इसलिए साँप के काटे का झाड़-फूँक से इलाज़ करने वाले आदमी के पास ले गए|

प्रश्न 2. मैं बूढ़े आदमी को क्या बताना चाहता था?

उत्तर- मैं बूढ़े आदमी को बताना चाहता था कि मुझे साँप ने नही, बल्कि बर्र ने काटा है|

प्रश्न 3. जब साँप नारियल के खोल में घुस गया तो मैंने क्या किया था? मैंने ऐसा क्यों किया होगा?

उत्तर- जब साँप नारियल के खोल में घुस गया तो मैंने एक पत्थर के टुकड़े से खोल का मुँह बंद कर दिया था| मैंने ऐसा अनजाने में किया होगा|

प्रश्न 4. क्या बूढ़े आदमी ने सचमुच मेरा इलाज़ कर दिया था? तुम ऐसा क्यों सोचते हो?

उत्तर- बूढ़े आदमी ने सचमुच इलाज़ नही किया था| हम ऐसा इसलिए सोचते है कि तुम्हें साँप ने काटा ही नहीं था|

प्रश्न 5. मुझे असल में साँप ने नही काटा था| फिर मैंने कहानी का नाम जब मुझको साँप ने काटा क्यों रखा है? तुम इससे भी अच्छा कोई नाम सोचकर बताओ|

उत्तर- मैंने कहानी का यह नाम इसलिए रखा, क्योंकि नाना-नानी तथा झाड़-फूँक वाले ने यही समझा कि मुझे साँप ने काटा है| इस कहानी का शीर्षक- 'झाड़-फूँक' या 'नाना की नासमझी' हो सकता है|

उई माँ

प्रश्न- कहानी में लड़के को बर्र काट लेती है| बर्र का डंक होता है| कुछ और कीड़ों (जन्तुओं) का नाम लिखो जो डंक मारते हैं?

उत्तर- मधुमक्खी, बिच्छु, ततैया|

तुम्हारी बात

प्रश्न 1. मैं बूढ़े को कुछ बताना चाहता था पर बता न सका| क्या तुम्हारे साथ भी कभी ऐसा हुआ है?

उत्तर- हाँ, मेरे साथ भी ऐसा कुछ हुआ है| जब मैं मम्मी को यह बताना चाहता था कि मुझे किसी ने नही मारा, बल्कि यह चोट मुझे गिरने से लगी है, लेकिन बता नही सका|

प्रश्न 2. क्या तुमने कभी साँप देखा है? तुमने साँप कहाँ देखा? उसे देखकर तुम्हे कैसा लगा?

उत्तर- मैंने साँप चिड़ियाघर में देखा है| उसे देखकर मुझे डर लगा|

प्रश्न 3. अपने घर पर पूछो कि अगर किसी को साँप काट ले तो वे क्या करेंगे?
उत्तर- अपने घर पूछने पर पता चला कि यदि किसी को साँप काट ले तो उसे तुरंत अस्पताल ले जाएँगे व ज़हर उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे|

अब क्या करें?
प्रश्न- तुम क्या करोगी अगर तुन्हें या तुम्हारे आस-पास:
***किसी को बर्र काट ले?**
उत्तर- साफ़ लोहे की चीज़ से उस स्थान को रगड़ देंगे| यदि नौसादर हो तो वह लगा देंगे|

***किसी को चोट लग जाए?**
उत्तर- उसे प्राथमिक सहायता देंगे| पट्टी बाँधेंगे और फिर अस्पताल ले जाएँगे|

***किसी की आँख में कुछ पड़ जाए?**
उत्तर- उसकी आँख की ऊपरी और निचली पलक को हलके से पकड़कर हिला देंगे व स्वच्छ पानी से उसकी आँख धुलवाएँगे|

***किसी की नाक़ से खून बहने लगे?**
उत्तर- उसे पीठ के बल लिटाकर सिर नीचे झुका देंगे और सिर पर ठंडा पानी डालेंगे|

ज़रा सोचो तो
प्रश्न 1. नारियल के खोल जैसी और कौन-सी चीज़ों में साँप छिप सकता था?
उत्तर- टूटी हुई हँडिया में, घास-फूस में, टूटे-फूटे बर्तनों में, टूटे-फूटे खिलौनों में|

प्रश्न 2. वह खोल अहाते में कैसे पहुँचा होगा?
उत्तर- नारियल का इस्तेमाल करने के बाद खोल को किसी ने अहाते में फेंक दिया होगा|

घर के हिस्से
नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं| उन शब्दों में से कुछ शब्द घर से संबंधित है| उन पर घेरा लगाओ|
उत्तर-

अहाता	आँगन	बरामदा	ज़ीना	अटारी
आला	घेर	सीढ़ी	छत	सड़क
रसोई	छज्जा	दालान	अस्तबल	रहत

नहर	पुलिया	जोहड़	डाकघर	टाँड़
कमरा	मुँडेर			

क्या समझे!

प्रश्न- नीचे लिखे वाक्यों का मतलब बताओ-

***साँप पास की झाड़ी में गायब हो गया।**

उत्तर- साँप पास की झाड़ी में छिप गया।

***वह चट मुझे गोद में उठाकर भागे।**

उत्तर- वह जल्दी से मुझे उठाकर दौड़े।

***अब बच्चा खतरे से बाहर है।**

उत्तर- अब बच्चा सुरक्षित है, उसकी जान को कोई खतरा नहीं है।

***नाना ने उसके लिए बहुत-सी चीज़े भेंट में भेजीं।**

उत्तर- नाना ने उसके इलाज़ के बदले में बहुत-सी चीज़ें उपहार में दी।

कैसे कहा?

प्रश्न- अलग-अलग निशानों से पता चला है कि बात कैसे कहीं गई होगी। अब नीचे लिखे वाक्यों में सही निशान लिखो। अब इन्हें बोलकर देखो।

। ! ?

उत्तर- *नानी चीख उठी साँप!

*चुपचाप बैठो हिलना-डुलना मत।

*साँप धीरे-धीरे रेंग रहा था।

*तुम्हें यह कहानी कैसी लगी?

*क्या तुम बाज़ार चलोगी?

*अहा! कितनी मीठी है!

क्या कहोगे

प्रश्न- तुम लड़के को क्या कहोगे? कारण देकर बताओ।

निडर, नादान, होशियार, शरारती, डरपोक, शर्मीला।

(याद रखो वह खोल में साँप लेकर भागा था|)

उत्तर- नादान

दो-दो बार

साँप <u>धीरे-धीरे</u> रेंग रहा था|

प्रश्न- यहाँ धीरे शब्द को दो बार इस्तेमाल किया गया है| ऐसे ही और कुछ शब्द लिखो और उनसे वाक्य बनाओ|

उत्तर-

चलते-चलते	वह चलते-चलते गिर पड़ा|
पीछे-पीछे	तुम पीछे-पीछे क्यों चल रहे हो
धीरे-धीरे	धीरे-धीरे चलो|
अलग-अलग	तुम दोनों अलग-अलग आना|
गरम-गरम	गरम-गरम समोसे खाओ|

भूलभुलैया